राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–2) विभाग

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के वर्तमान पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव के संबंध में आमजन से सुझाव आमन्त्रित करने हेतु सूचना

वर्तमान में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा के पश्चात् साक्षात्कार के माध्यम से उचित अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है।

इस सम्पूर्ण प्रकिया को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के दृष्टिगत वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगी परीक्षा में संशोधन प्रस्तावित है। इस नवीन व्यवस्था में सभी अभ्यर्थियों के लिये मूल्यांकन का आधार विषय विशेष पर आधारित न होकर सभी के लिये एक समान प्रश्न पत्र पर आधारित होगा ताकि प्राप्तांकों में विषयवार अन्तर न आ सके जिससे कि स्केलिंग (Scaling) की आवश्यकता नहीं रहेगी।यह परीक्षा पूर्व की भांति तीन चरणों में होगी जो निम्नानुसार हैः–

1. प्रारम्भिक परीक्षा/छटनी परीक्षा (Screening Test)

संयुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये आयोजित की जाने वाली प्रारम्भिक परीक्षा/छटनी परीक्षा (Screening Test) में एक प्रश्न पत्र रखा जाना प्रस्तावित है जो 200 अंको का वस्तुनिष्ठ प्रकार का हो। इस प्रश्न पत्र में भारत एवं राजस्थान से संबंधित सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान एवं मानसिक योग्यता से संबंधित प्रश्न रखे जाने हैं। प्रारम्भिक परीक्षा में कुल प्रश्नों का लगभग 20 प्रतिशत राजस्थान से संबंधित रखा जाना प्रस्तावित है। इस परीक्षा के अंक चयन हेतु कुल अंकों में नहीं जोड़े जायेंगे।

2. मुख्य परीक्षा

मुख्य परीक्षा में 4 प्रश्न पत्र प्रत्येक 200 अंकों के रखें जा सकते है। प्रत्येक प्रश्न पत्र वर्णनात्मक/विश्लेषणात्मक होगा।

प्रथम प्रश्न पत्र– सामान्यज्ञान एवं सामान्य अध्ययन–I (General Knowledge and General Studies) – आधुनिक भारत का इतिहास, भारतीय राजनीतिं, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय संस्कृति, राजस्थानी साहित्य, कला एवं संस्कृति, इतिहास, परम्परायें, विरासत, राजस्थान में प्रशासनिक व्यवस्था, राजस्थान का भूगोल, राजस्थान के विशिष्ठजन, राजस्थान की अर्थव्यवस्था, राजस्थान में सामाजिक आधारभूत ढांचा इत्यादि।

द्वितीय प्रश्न पत्र – सामान्यज्ञान एवं सामान्य अध्ययन–II (General Knowledge and General Studies) सामान्य विज्ञान (General Science), दैनन्दिन विज्ञान (Everyday Science) भारत के विकास में विज्ञान एवं तकनीकी का महत्व, कम्प्यूटर

की प्रारम्भिक जानकारी, मानसिक क्षमता जांच जिसमें विद्यालय स्तर की गणित, व्यवहारिक तर्क इत्यादि।

तृतीय प्रश्न पत्र – सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन–III (General Knowledge and General Studies-III) - राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाऐं, वर्तमान संवेदनशील मुद्दे, भारत व राजस्थान में आधारभूत संरचनाओं का विकास, राजस्थान में विकास की सम्भावनाऐं, पंचवर्षीय योजनाऐं, प्रशासनिक प्रबन्धन एवं सामान्य प्रबन्ध के प्रश्न, शासन व्यवस्था, भूमण्डलीकरण, निजीकरण एवं उदारीकरण इत्यादि।

चतुर्थ प्रश्न पत्र – भाषागत ज्ञान (हिन्दी एवं अंग्रेजी)

हिन्दी	– 50 प्रतिशत (100 अंक)
राजस्थानी	– 10 प्रतिशत (20 अंक)
अंग्रेजी	– 40 प्रतिशत (80 अंक)

3. साक्षात्कार (100 अंकों का) यथावत रहेगा।

संयुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रस्तावित उपर्युक्त संशोधन/परिवर्तन के संबंध में आम जन से सुझाव आमन्त्रित किये जाते हैं । इस संबंध में अपने सुझाव प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को ई–मेल (dopcomputer@yahoo.co.in)/ पत्र के माध्यम से 10 दिवस में प्रेषित किये जा सकते है।

दिनांक: 18 मई, 2011

(खेमराज)
प्रमुख शासन सचिव
कार्मिक विभाग